

विकलांगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में बताते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम की रैली की तैयारियों का जायजा लेने परेड ग्राउंड पहुँचे सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली की तैयारियों का जायजा लेने परेड ग्राउंड पहुँचे। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को समय से सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि पीएम द्वारा 30 हजार करोड़ रूपए की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा संगठन महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, आईजी इंटेलीजेंस श्री संजय गुंज्याल, जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार, एसएसपी जन्मेयजय खंडूरी एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### क्रमिक अनशन के दूसरे दिन तोपवाल व डोभाल बैठे अनशन पर

**संवाददाता** देहरादून। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोईवाला को पीपीपी मोड से वापस लेने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन मे क्रमिक अनशन के दूसरे दिन उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय सचिव केंद्रपाल सिंह तोपवाल और जिला अध्यक्ष संजय डोभाल अनशन पर बैठे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं चिकित्सालय उच्चीकरण करने और हिमालयन अस्पताल से इसका अनुबंध खत्म करने की मांग को लेकर अस्पताल परिसर में ही पिछले 6 दिन से उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं।

### कू ऐप की लॉन्चिंग हम सभी के लिए गर्व की बात

**संवाददाता** देहरादून। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कू ऐप ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में जिस मजबूती से कदम रखा है, वह गर्व की बात है। दिल्ली में आयोजित राइज–स्टार्टअप टू यूनिकॉर्न कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश में सफल हो रहे नए स्टार्टअप्स की सराहना की। एक निजी हिंदी टीवी चैनल द्वारा आयोजित इस समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय राज्य मंत्री नरेंद्र तोमर और अर्जुन मेघवाल भी मौजूद रहे।

### निजामी ब्रदर्स ने मचाया धमाल

**संवाददाता** देहरादून। कमल ज्वैलर्स एंड डब्ल्यूआईसी प्रेजेंट्स सूफी नाइट बाय निजामी ब्रदर्स डब्ल्यूआईसी, राजपुर रोड, देहरादून में सोमवार को हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन और प्रबंधन डिस्कवर उत्तराखंड पत्रिका द्वारा किया गया था। प्रसिद्ध निजामी भाइयों जीशान हसन, फैजान हसन निजामी ने अपने भावपूर्ण संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में शहर के कुछ जाने–माने चेहरों ने शिरकत की। खजान दास विधायक राजपुर रोड, मुख्य अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे।

# पर्यटकों की सुविधा के लिए गाइडेंस ऐप तैयार करने के निर्देश

**समीक्षा**

■ मुख्य सचिव ने पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पर्यटकों की सुविधा के लिए एक गाइडेंस ऐप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐप को यूजर फ्रेंडली होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टेट में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।



मुख्य सचिव ने कहा कि उद्योगों को आसानी से भूमि उपलब्ध हो इसके लिए लैंड बैंक तैयार किया जाना चाहिए। पर्यटन विभाग को लैंड बैंक तैयार करने के लिए एक सेपरेट सेल बनाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस सेल का कार्य प्रदेश भर में लैंड बैंक चिन्हित करना हो। इससे पर्यटन से जुड़े उद्योगों को स्थापित करने में भी काफी आसानी होगी। मुख्य सचिव ने एडवेंचर टूरिज्म के अंतर्गत बंजी जंपिंग, ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग आदि पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों को करने के लिए टाइम लाइन सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बंजी जंपिंग एवं पैराग्लाइडिंग के लिए उपयुक्त स्थानों की तलाश किए जाने के लिए स्टडी कराई जाए, ताकि इनके लिए नई जगहों को चिन्हित किया जा सके।

मुख्य सचिव ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। इसके साथ ही, हेल्पलाइन नंबर का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए। एक ऐसा सिस्टम भी तैयार किया जाए कि उत्तराखंड में प्रवेश करते ही "वेलकम टू उत्तराखण्ड" का संदेश राज्य में प्रवेश करने वाले लोगों को मिले और इसमें साथ साथ टूरिज्म संबंधित जानकारियों वाला ऐप डाउनलोड करने का लिंक भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिसमें उत्तराखण्ड में पर्यटन से सम्बन्धित सभी जानकारियां उपलब्ध हों।

मुख्य सचिव ने माउंटेनियरिंग के लिए ट्रैकिंग डिवाइस को अनिवार्य किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे लापता माउंटेनियर आदि को ढूंढने के आसानी होगी। साथ ही माउंटेनियरिंग और ट्रैकिंग आदि के लिए ली जाने वाले शुल्क को भी कम किया जाए ताकि अधिक से अधिक माउंटेनियरिंग और ट्रैकिंग दलों को प्रोत्साहित किया जा सके। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव ने सुलभ सुविधाओं की मॉनिटरिंग के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कैपेसिटी बिल्डिंग पर भी फोकस किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए ट्रेनिंग उपलब्ध कराया जाना जरुरी है। इसके लिए होटल रेस्टोरेंट से जुड़े कर्मियों को 2 से 3 मिनट की वीडियो क्लिप्स के माध्यम से अलग अलग प्रकार की ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाए। यह सभी वीडियो पर्यटन विभाग की वेबसाइट और सोशल मीडिया के अलग अलग प्लेटफार्म पर निशुल्क भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ताकि जिसको भी हॉस्पिटैलिटी आदि के बारे में जानकारी चाहिए, वेबसाइट आदि के माध्यम से मिल सके। मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि राज्य में हवाई सेवाओं को किफायती कीमत पर प्रदेश वासियों और पर्यटकों को उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रयास किए जाएं।

### अधिक हेलीपैड भी विकसित किए जाए

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने के लिए अधिक से अधिक हेलीपैड भी विकसित किए जाएं। हेलीपैड विकसित किए जाते समय ट्रांसपोर्टेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट और मेडिकल इमरजेंसी जैसे पहलुओं पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों को भी चिन्हित किया जाए जो भले ही पर्यटन की दृष्टि से उपयोगी न हों परन्तु आपदा एवं मेडिकल इमरजेंसी की दृष्टि से उपयोगी हों।

# 20 दिनों के बीच सभी समस्याओं का समाधान करें

**बैठक**

■धरने पर बैठे कर्मचारियों के बीच पहुंचे लोनिवि मंत्री महाराज

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन एवं उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर की लम्बित विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर एक बैठक की गयी। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को यमुना कॉलोनी स्थित प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग कार्यालय में बैठक कर उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन तथा उत्तराखंड डिप्लोमा इंजिनियर्स संघ की वर्षों से लंबित समस्याओं का संज्ञान लेते हुए सचिव लोक निर्माण आर.के. सुधांशु को निर्देश दिये कि 15 से 20 दिनों के बीच सभी समस्याओं का समाधान करें। उन्होने यह भी आदेश दिये कि तकनीकी मामलों में शीघ्र ही परिक्षण कराकर उसका निदान करें। उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, उत्तराखंड डिप्लोमा इंजिनियर्स संघ के प्रतिनिधियों और लोनिवि अधिकारियों के साथ बैठक कर लोक निर्माण मंत्री ने सतपाल महाराज ने कहा कि निर्माण खंड टिहरी को पुनर्स्थापित कर दिया जाएगा।



इसके अलावा विभागीय जूनियर इंजीनियर के स्थायीकरण के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित किये जाने के लिए भी आदेश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों के सापेक्ष अधिशासी अभियंता प्रभारी सहायक अभियंता बनाए जाएंगे। उन्होंने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय पुनर्गठन का प्रस्ताव शासन को प्राप्त हो चुका है जिस पर कार्यवाही की जा रही है। डोबरा–चांठी पीआईयू को निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग सीधी में परिवर्तित किए जाने पर भी सहमति बनी है। कार्यस्थल पर दुर्घटनाग्रस्त, गंभीर रूप से घायल, दिव्यांग, गंभीर रूप से बीमार एवं अनुरोध के आधार पर अभियंताओं को सुगम स्थानों पर स्थानांतरित करने के भी लोनिवि मंत्री ने विभागीय सचिव को निर्देश दिए।

### पुष्पगुच्छ आदान–प्रदान से फुर्सत मिली हो, तो जनता की भी सुध ले राजभवन

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने राजभवन को पत्र प्रेषित कर पुष्पगुच्छ आदान– प्रदान की प्रक्रिया में समय जाया करने के बजाए धरातल पर जनता की सुध लेने को चेताया है। नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है,भ्रष्टाचार चरम पर है, पत्रावलियां एक पटल से दूसरे पटल पर पहुंचने में दम तोड़ रही हैं, बगैर अनुस्मारक भेजे व व्यक्तिगत प्रयास के पत्रावलियों का मूवमेंट तक नहीं होता, अधिकारी समय पर ऑफिस नहीं पहुंचते तथा कई अधिकारी ऑफिस में हाजिरी लगाकर नदारद हो जाते हैं एवं इसके साथ–साथ कई अधिकारी अधिकारी दूसरी पाली में ही आते हैं आदि तमाम अव्यवस्थाओं के चलते जनता कराह रही है, लेकिन राजभवन गहरी नींद में सोया हुआ है। '




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।